**खबर संक्षेप**

### सामान्य प्रेक्षक ने स्ट्रांग रुम और निर्वाचन प्रकोष्ठों का किया निरीक्षण

**सतना**। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सतना लोकसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ एस सुरेश कुमार (आईएएस) ने गुरुवार को सतना पहुंचने के दूसरे दिन शासकीय व्यंकट क्रमांक 1 स्थित स्ट्रांग रुम का निरीक्षण किया। स्ट्रांग रूम के निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा के इंतजाम,ईव्हीएम परिवहन मार्ग,सामग्री वितरण एवं वापसी स्थल का निरीक्षण किया। सामान्य प्रेक्षक ने निरीक्षण के दौरान मतदान सामग्री वितरण हेतु विधानसभावार मतदान दलों के सामग्री वितरण,मतदान सामग्री के रखने की व्यवस्था,वाहन पार्किंग, पुलिस व्यवस्था,मतदान संपन्न होने के पश्चात मतदान सामग्री की वापसी की व्यवस्था एवं गणना कक्षों की जानकारी प्राप्त की। स्ट्रांग रूम के निरीक्षण के उपरांत कलेक्ट्रेट में निर्वाचन संबंधी कार्यों के लिये संचालित प्रकोष्ठों का निरीक्षण कर कामकाजी गतिविधियों का जायजा लिया। प्रेक्षक डॉ कुमार ने एमसीएम सी प्रकोष्ठ,सी-विजिल,कंट्रोल रुम,1950 हेल्पलाइन का निरीक्षण किया। उन्होने एमसीएमसी प्रकोष्ठ में तैनात निर्वाचन कार्मिकों द्वारा दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित पेड न्यूज से संबंधित विषय पर आवश्यक जानकारी प्राप्त की। प्रेक्षक डॉ कुमार ने व्यय लेखा प्रकोष्ठ का भी निरीक्षण किया। प्रकोष्ठ के अधिकारियों से व्यय निगरानी दलों द्वारा की गई कार्यवाहियों के बारे में जानकारी प्राप्त की और संधारित पंजी का अवलोकन भी किया। प्रेक्षक ने सी-विजिल,डीसीसी,1950 और विधानसभावार स्थापित शिकायत शाखा में तैनात कर्मचारियों से अब तक प्राप्त शिकायतों एवं उनके निराकरण की जानकारी ली।

### भाजपा को क्या मात दे पाएंगे कांग्रेस और बहुजन समाज पार्टी जैसे दल

# विकास के मुद्दों को छोड़ जातिगत ताना-बाना के बीच होता रहा है सतना में चुनाव




सतना। चुनाव के दौरान भले ही ये नारे खूब सुनाई दें कि जात-पात छोड़कर मतदान करें लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि पूरा चुनावी तानाबाना ही जाति के आधार पर बुना जाता है। हर सीट की अपनी अलग कहानी होती है,अपने अलग-अलग जातीय गणित होते हैं। सतना लोकसभा सीट भी है जो अपने जातीय समीकरणों के लिए पहचानी जाती है। लोकसभा चुनाव के लिए सतना सीट में मतदान 26 अप्रैल को होगा है। उससे पहले इस सीट के लिए तीन प्रमुख दलों ने अपने उम्मीदवारों के नाम फाइनल कर दिए हैं। सतना लोकसभा सीट का चुनाव बेहद दिलचस्प दौर में जा पहुंचा है। वैसे भी सतना लोकसभा सीट हमेशा से जातीय समीकरणों के लिए पहचानी जाती रही है।

2019 का लोकसभा चुनाव छोड़ दिया जाए तो यहां पर जातीय समीकरणों के चलते नेताओं की जीत-हार की इबारत लिखी जाती रही है।

#### सतना लोकसभा सीट का गणित

चुनावी रण में इस बार उम्मीदवार भारतीय जनता पार्टी की ओर से चार बार के सांसद गणेश सिंह मैदान में हैं। जबकि कांग्रेस ने किला फतह करने का जिम्मा अपने सतना विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा के कंधों पर दिया है। वहीं अब बहुजन समाज पार्टी ने भी एंट्री मारते हुए नारायण त्रिपाठी को ब्राम्हण कार्ड के तौर पर अपना दांव चल दिया है।चूंकि सतना लोकसभा अनारक्षित श्रेणी की है।इसके बाद भी प्रमुख दलों ने ओबीसी पर ही भरोसा किया है। जिसको ध्यान में रखते हुए बीएसपी ने ब्राम्हण कार्ड चल दिया है। यदि ब्राम्हण और दलितों का गठजोड़ हुआ तो चुनाव किसी भी ओर जा सकता है।

#### निर्णायक होंगे एससी-एसटी के वोट

सतना सीट में ओबीसी और सवर्ण नेताओं के मैदान में आने के बाद अब निर्णायक भूमिका में एससी और एसटी वर्ग के वोट रहेंगे। इस वर्ग का वोट जिस दल के साथ रहेगा वही जीत अर्जित करेगा। पिछले चुनाव में दलित-आदिवासी वोटों के बलबूते सांसद गणेश सिंह ने दो लाख 31 हजार से अधिक वोटों से जीत दर्ज की थी। इस बार सतना लोकसभा सीट में 17 लाख 7 हजार 71 मतदाता हैं। सबसे अधिक संख्या में ब्राम्हण मतदाता हैं। इसके बाद अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के वोट हैं।

#### कांग्रेस ने हर वर्ग को आजमाया फिर भी मिली शिकस्त

1996 से 2019 तक 23 सालों में हुए सात चुनावों के दौरान कांग्रेस के उम्मीदवारों की यदि बात की जाए तो इस दौरान पार्टी ने एक-एक बार ओबीसी और ब्राम्हण जनप्रतिनिधि पर भरोसा जताया। वहीं 1998 से 2014 तक लगातार पांच बार क्षत्रिय वर्ग से आने वाले जनप्रतिनिधियों पर दांव लगाया,लेकिन हर बार पार्टी को निराशा ही हाथ लगी है। सतना सीट पर मिल रही हार-दर-हार से परेशान कांग्रेस अपनी साख बचाने के लिए ऐसे उम्मीदवार की तलाश में थी जो उनकी नैया लोकसभा में पार लगा सके। कांग्रेस की यह तलाश सिद्धार्थ कुशवाहा तक पहुंच गई। फिलहाल देखना होगा कि क्या वे लगातार मिल रही हार के क्रम को तोड़ पाएंगे।

#### जब कांग्रेस चौथे स्थान पर पहुंच गई

1996 और 2009 का लोकसभा चुनाव कई मायनों में अलग था। इन दोनों चुनावों में पार्टी उम्मीदवारों को चौथा स्थान प्राप्त हुआ था। कांग्रेस ने 1996 में तिवारी कांग्रेस से चुनावी समर में उतरे कुंवर अर्जुन सिंह के खिलाफ उनके ही कट्टर समर्थक तोषण सिंह को चुनाव मैदान में उतारा था। तोषण सिंह को चुनाव में 71 उम्मीदवारों के बीच चौथा स्थान मिला था और तो और कांग्रेस उम्मीदवार को जितने वोट मिले थे उससे ज्यादा वोटों से पार्टी को पराजय का सामना करना पड़ा था। तोषण सिंह को 85 हजार 751वोट मिले थे लेकिन उनके पराजय का अंतर 96 हजार 545 वोट था। कुछ यही हाल 2009 के लोकसभा चुनाव का था, इस चुनाव में कांग्रेस ने सुधीर सिंह तोमर को अपना उम्मीदवार बनाया था, सुधीर को टिकट दिए जाने से नाराज राजाराम त्रिपाठी ने साइकिल की सवारी कर ली और कांग्रेस को चौथे स्थान पर धकेल दिया, चुनाव में सुधीर सिंह को 21 उम्मीदवारों में चौथा स्थान मिला था,सिंह को भी जितने वोट मिले थे उससे ज्यादा मतों से उन्हे पराजय का सामना करना पड़ा था। सुधीर सिंह को चुनाव में 90 हजार 806 वोट मिले थे और उन्हे 1 लाख 3 हजार 818 मतों से पराजय मिली थी।

#### कुंवर अर्जुन सिंह के बाद नहीं जीता कांग्रेसी चेहरा

1991 में सतना में कांग्रेस के आखिरी सांसद कुंवर अर्जुन सिंह चुने गए थे। इसके बाद से 2019 तक सात चुनाव हो चुके हैं और पार्टी को लगातार पराजय का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच 1996 से 2019 के बीच अब तक 1996 में एक बार बसपा और उसके बाद से लगातार 6 चुनाव से भाजपा जीत रही है। सबसे बड़ी बात यह है कि बसपा से सुखलाल कुशवाहा ओबीसी वर्ग से आते हैं,तो भाजपा से लगातार पटेल सतना संसदीय सीट में चुनाव जीत रहे हैं, दो बार 1996 और 98 में रामानंद सिंह तो 2004 से गणेश सिंह लगातार सांसद चुने जा रहे हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए भी भाजपा ने पांचवी बार गणेश सिंह पर ही भरोसा जताया है।

#### सतना लोकसभा का चुनावी इतिहास

सतना लोकसभा सीट पर 2014 के आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के गणेश सिंह ने जीत दर्ज की थी। उन्हें 3,75,288 वोट मिले थे,जबकि कांग्रेस के अजय सिंह 3,66,600 वोटों के साथ दूसरे नंबर पर रहे थे। 1967 में यह सीट कांग्रेस के डी.वी.सिंह के हाथ में थी। 1971 में बीजेएस के नरेंद्र सिंह,1977 में बीएलडी के सुखेंद्र सिंह,1980 में कांग्रेस के गुलशेर अहमद,1984 में कांग्रेस के अजीज कुरैशी,1989 में भारतीय जनता पार्टी के सुखेंद्र सिंह,1991 में कांग्रेस के अर्जुन सिंह,1996 में बहुजन समाज पार्टी के सुखलाल कुशवाहा,1998 व 1999 में भारतीय जनता पार्टी के रामानंद सिंह,2004,2009,2014 और 2014 में भारतीय जनता पार्टी के गणेश सिंह ने यहां कब्जा किया। सतना संसदीय सीट में बीजेपी 28 साल से पिछड़ा यानी ओबीसी उम्मीदवार को मैदान में उतार रही है। इन सालों में कांग्रेस ब्राह्मण और क्षत्रिय वर्ग पर भरोसा करती रही। यह प्रयोग विफल रहा तो उसने भी ओबीसी प्रत्याशी को चुनावी रण में उतार दिया है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि प्रमुख दलों में कौन बाजी मारेगा। सतना लोकसभा सीट में यदि मतदाता के लिहाज से देखें तो यहां पर सवर्ण वोटरों की संख्या सबसे ज्यादा है। इसके बावजूद दोनों दलों ने सवर्ण नेताओ को नहीं दिया। सतना संसदीय सीट पर पिछले सात चुनावों से हार पर हार झेल रही कांग्रेस ने 28 साल बाद ओबीसी चेहरे पर दांव लगाया। साल 1996 के लोकसभा चुनाव में पार्टी ने तोषण सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया था,हालांकि उस समय उन्हें 96 हजारों वोटों से पराजय का सामना करना पड़ा था। उसके बाद से कांग्रेस ने सतना लोकसभा सीट में हर बार सामान्य वर्ग के जनप्रतिनिधि पर ही भरोसा जताया है। कभी क्षत्रिय तो कभी ब्राम्हण उम्मीदवार उतारे,पर पार्टी को सफलता नहीं मिली और सतना में पिछले सात चुनावों से ओबीसी चेहरा ही चुनाव जीतता रहा है। ऐसे में कांग्रेस ने भी अपने ओबीसी चेहरे पर दांव लगाया है।

## बाजार में रात में कचरा फेंकने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई

**सतना**। ननि आयुक्त शेर सिंह मीना नगरपालिक निगम सतना द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई।आयुक्त नगरपालिक निगम द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था की समीक्षा करते हुये बताया गया कि मेरे द्वारा शहर की रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। रात्रिकालीन शहर भ्रमण के दौरान पाया गया कि शहर के व्यवसायिक क्षेत्रों में रात्रि के समय व्यापारियों द्वारा दुकान बंद करने के दौरान अत्यधिक कचरा सड़क पर फेंक दिया जाता है।जिससे शहर में रात्रि के समय काफी गंदगी रहती है।

गंदगी एवं विस्तृत व्यवसायिक क्षेत्र के अनुपात में सफाईकर्मी की संख्या काफी कम पायी गयी। व्यवसायिक क्षेत्रों की सफाई के लिये सफाई कर्मियों की संख्या में वृद्धि की जाये। ताकि रात्रिकालीन सफाई प्रभावी ढंग से हो सके। साथ ही साथ जिन व्यवसायिक द्वारा कचरा सड़क पर फेंक दिया जाता है उनके विरुद्ध चालानी कार्यवाही दृढ़ता से की जाये। जो सफाईकर्मी आदतन लम्बे समय तक अनुपस्थित रहते हैं ऐसे सफाई कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाये। नगर निगम सतना द्वारा निगम सीमान्तर्गत बनाये गये शौचालय एवं मूत्रालय की सफाई अनिवार्यतः दोनों पालियों में कराई जाये।

#### आवारा पशुओं को कांजी हाउस भेजें

शहर भ्रमण के दौरान आयुक्त नगर पालिक निगम द्वारा पाया गया कि शहर में बहुत अधिक संख्या में आवारा पशु घूमते पाये गये। जिससे जहां एक ओर गंदगी होती है,वहीं आवागमन में भी असुविधा होती है। साथ ही पशुओं के सड़कों में विचरण करने एवं बैठने से दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। इस संबंध में आयुक्त नगर निगम द्वारा निर्देशित किया गया कि सड़क पर विचरण कर रहे पशुओं को पकड़कर,गौशाला/कांजी हाउसों में बंद करने की व्यवस्था की जाये।

#### इनका चेक किया जाये लाइसेन्स

आयुक्त नगर निगम द्वारा मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि मांस,मछली विक्रेताओं के लाइसेंस चेक किये जाये। यह सुनिश्चित किया जाये जहां पर मांस,मछली का विक्रय हो रहा है,वहां अपारदर्शी शीशा लगाया जाये,दुकानों का बाहरी क्षेत्र ढककर रखा जाये,साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाये। साथ ही साथ मांस,मछली से निकलने वाले अपशिष्ट पदार्थ का उचित निस्तारण किया जाये। प्लास्टिक बिक्री,उपयोग पर जब्ती व चालानी कार्यवाही करें शासन द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक को प्रतिबंधित किया गया है।




## मतदान दिवस की जानकारी देता एयर बैलून स्थापित

**सतना**। लोकसभा निर्वाचन 2024 में प्रत्येक मतदाता की वोट को सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा के निर्देशन में स्वीप कार्यक्रम के तहत अलग-अलग प्रकार की गतिविधियों का आयोजन कर मतदाताओं को जागरुक किया जा रहा है। इसी कड़ी में सतना शहर में लोक सभा चुनाव में मतदान दिवस 26अप्रैल की जानकारी देने विशाल एयर बैलून कलेक्ट्रेट भवन सतना के कार्यालय से मुक्त आकाश में लगाया गया है। स्वीप गतिविधियों के लिये तय रुपरेखा अनुसार यह विशाल बैलून लगाया गया है।जो लोकसभा निर्वाचन के लिये 26अप्रैल को शत-प्रतिशत मतदान के उद्देश्य को पूरा करेगा।कलेक्ट्रेट पर लगाए गए इस एयर बैलून पर 26अप्रैल के दिन अपने-अपने बूथों पर जाकर वोट डालने की तिथि को भी अंकित किया गया है। यह बैलून शहर के विभिन्न इलाकों में दूर-दूर तक नजर आएगा और लोग इस बैलून पर लिखे एक-एक शब्द से प्रेरित होंगे और मतदान दिवस को अपने मत का प्रयोग करेंगे।

**सतना संसदीय क्षेत्र के लिए कुल 22 अभ्यर्थियों ने पर्चे भरे**

## नामांकन के आखिरी दिन 13 अभ्यर्थियों ने भरे नामांकन

**सतना**। लोकसभा निर्वाचन 2024 के द्वितीय चरण के अंतर्गत 26 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की आखिरी तिथि 4 अप्रैल 2024 की अपरान्ह 3 बजे तक 13 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र प्रस्तुत किए हैं। नामांकन भरने की प्रारंभ तिथि 28 मार्च से आखरी तिथि तक कुल 22 अभ्यर्थियों ने लोकसभा क्षेत्र सतना के रिटर्निंग ऑफिसर अनुराग वर्मा के समक्ष अपने नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किए हैं। आखिरी दिन 4 अप्रैल 2024 को नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने वालों में इण्डियन नेशनल कांग्रेस से सिद्धार्थ कुशवाहा,मानवीय भारत पार्टी से अजीज अहमद कुरैशी,बहुजन समाज पार्टी से नारायण प्रसाद,राष्ट्रीय दलित आदिवासी महासभा से सुखलाल,राष्ट्रीय समाज पक्ष से शैलेन्द्र कुमार तथा निर्दलीय अभ्यर्थी के रुप में रायवेन्द्र,चन्द्रभान,दुर्गेश कुमार,कलीम अहमद,शिववरण,छेदीलाल,सफी उल्ला खान एवं राहुल दाहिया ने अपने पर्चे दाखिल किये। इसके पूर्व गणेश सिंह ने भारतीय जनता पार्टी से,अजीत ने पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) से,अशोक कुमार गुप्ता ने भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से,हरिशंकर प्रसाद ने भारतीय जनमोर्चा पार्टी से,रंजना मिश्रा ने न्याय धर्मसभा पार्टी से,अशोक कुमार ने बहुजन द्रविड़ पार्टी से,ननकू ने अखिल भारतीय हिंद क्रांति पार्टी से तथा अशोक कुमार और ऋषभ सिंह उर्फ रिषभ





सिंह निर्दलीय अपने नामांकन प्रस्तुत कर चुके हैं। इस प्रकार सतना लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-9 के लिए कुल 22 अभ्यर्थियों ने अपने नामांकन पत्र जमा किए है। रिटर्निंग ऑफिसर अनुराग वर्मा 5 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से रिटर्निंग ऑफिसर कक्ष में नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा करेंगे। अभ्यर्थिता से नाम वापसी 8 अप्रैल को अपरान्ह 3 बजे तक की जा सकेगी।

## एकेएस विवि द्वारा आयोजित नेतृत्व प्रशिक्षण विशेष इकाई शिविर संपन्न



**सतना**। मंगलवार को 'नेतृत्व प्रशिक्षण विशेष इकाई' राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एकेएस विश्वविद्यालय सतना द्वारा आयोजित शिविर ग्राम कचलोहा नागौद में संपन्न हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में एसडीओपी नागौद सुश्री विदिता डागौर अध्यक्षता,प्रति कुलपति एकेएस,डॉ.हर्षवर्धन तथा विशिष्ट अतिथि प्रो.विपिन व्यौहार,व्यवस्थापक तथा वरिष्ठ समाजसेवी चंदन अग्रवाल,अंजनी नंदन चतुर्वेदी,प्राचार्य सरस्वती,माधवपुरम नागौद,तथा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई से डा.महेन्द्र कुमार तिवारी,डॉ. दीपक मिश्रा तथा शिविर में सहयोग प्रदान करने वाली सुश्री आराधना कुशवाहा उपस्थित थे। राष्ट्र आत्मनिर्भर बन सके तथा स्वयंसेवको को मिले शिविर का अनुभव का उदेश्य पूर्ण राष्ट्रआत्मनिर्भर बन सके पर प्रकाश डाला गया तथा सभी स्वयंसेवको ने इस शिविर का अनुभव लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ,स्वच्छता अभियान,मतदाता जागरूकता रैली पर निबंध,स्लोगन,पेंटिंग, पोस्टर मेहंदी कंपटीशन आदि का आयोजन कर छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीण जनों में जागरूकता का प्रयास किया गया। शासन के द्वारा दिए गए औपचारिक शिक्षा एवं रोजगार के सर्वेक्षण फॉर्म ग्राम सलैया कचलोहा और पटवारा के गांव में जाकर छात्र-छात्राओं ने भरा। स्वयंसेवकों के द्वारा ग्राम पटवारा में अमरन नदी के पुनर्जीवन एवं पुनर्गठन से संबंधित स्वच्छता पर आधारित और मतदाता जनता के संबंध में नुक्कड़ नाटक और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर ग्रामीणों के बीच जनसंचार एवं जागरण का काम करते हुए उनका मनोरंजन भी किया और ग्रामीणों के द्वारा देशज विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई।रैली पोस्ट पर ससम्मान ध्वजावरोहण किया गया। शिविर में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता, उपविजेता स्वयंसेवकों तथा समूह को सम्मानित किया गया।वर्ष भर की गतिविधियों में श्रेष्ठतम प्रदर्शन करने वाले,विभिन्न क्षेत्रों में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन दिखने वाले स्वयंसेवकों को पृथक-पृथक रूप से सम्मानित किया गया। सम्मानित करने की पश्चात सामूहिक छायाचित्र लिए गए। विदाई समारोह मे समाज सेवा की भावना को अपने हृदय में रखते हुए सभी स्वयंसेवको ने अपने-अपने गंतव्य के लिए प्रस्थान किया।

## स्केटिंग राष्ट्रीय प्रतियोगिता आयोजन का प्रतिनिधित्व करेगा सतना जिला

**सतना**। 67वीं एसजीएफआई राष्ट्रीय स्केटिंग प्रतियोगिता 2023-24 का आयोजन अकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल करही में 11 अप्रैल से 15 अप्रैल के बीच होगा। सम्पूर्ण विंध्य क्षेत्र एवं सतना जिले के लिए यह गौरव का विषय है कि इस प्रकार का यह प्रथम आयोजन है। इस चैंपियनशिप में 28 राज्यों के 44 यूनिट से चुने हुए लगभग 1200 खिलाड़ी भाग लेंगे। साथ ही 1200 प्रतिभागियों के अलावा उनके लगभग 300 आफिशियल्स जैसे कोच,मैनेजर,रेफरी आदि उपस्थित होंगे। मध्यप्रदेश के लिए यह गर्व का विषय है की इस प्रतियोगिता की मेजबानी का सुअवसर प्राप्त हुआ है। प्रतियोगिता की मेजबानी पहले रांची (झारखंड) को दी गई थी,जिसमे राज्य की असमर्थता जताने पर मध्यप्रदेश को ऑफर दिया गया। कलेक्टर अनुराग वर्मा द्वारा राष्ट्रीय स्केटिंग प्रतियोगिता के आयोजन हेतु सहमति व्यक्त करने पर शासन स्तर से सतना जिले में राष्ट्रीय खेल आयोजन की स्वीकृति दी गई। आगामी 11से 15अप्रैल तक राष्ट्रीय स्केटिंग प्रतियोगिता जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग के तत्वाधान में आयोजित की जायेगी। कलेक्टर अनुराग वर्मा की अध्यक्षता में आयोजन समिति में



पुलिस अधीक्षक,सीईओ जिला पंचायत,आयुक्त नगर निगम सहित विभिन्न विभाग के अधिकारियों को आयोजन के सुचारू संचालन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नोडल अधिकारी जिला शिक्षा अधिकारी को बनाया गया है। सतना जिले में स्केटिंग प्रतियोगिता शहर के विद्यालय एकेडमिक हाइट्स में पूर्व भी आयोजित की जा चुकी हैं। 2 करोड़ की लागत से बना यह स्केटिंग ट्रैक लगभग 2 वर्ष में बन कर तैयार हुआ है। मध्यप्रदेश में यह प्रथम अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्केटिंग रिंक तैयार किया गया है। विगत वर्ष फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित रोल बॉल प्रतियोगिता में 8 संभाग रीवा, जबलपुर,नर्मदापुरम,भोपाल,इंदौर,ग्वालियर,सागर एवं शहडोल की टीम ने हिस्सा लिया था। इस प्रतियोगिता में सतना ने 14 वर्ष बालक, बालिका कैटेगरी में स्वर्ण पदक जीतकर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था।

## खबर संक्षेप

### निर्वाचक नामावली की दरें निर्धारित

**पन्ना।** लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत जिले की तीन विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक नामावली की विक्रय दरें निर्धारित की गई है। नामावली प्रति उपलब्ध कराने की दर दो रूपए प्रति पृष्ठ नियत है। पवई विधानसभा क्षेत्र के 334 मतदान केन्द्रों के 15 हजार 260 पृष्ठ की नामावली की निर्धारित राशि 30 हजार 520 रूपए, गुनौर विधानसभा क्षेत्र के 277 मतदान केन्द्रों के 13 हजार 886 पृष्ठ की नामावली की निर्धारित राशि 27 हजार 772 रूपए तथा पन्ना विधानसभा क्षेत्र के 290 मतदान केन्द्रों की 14 हजार 763 पृष्ठ की नामावली के लिए 29 हजार 526 रूपए राशि निर्धारित की गई है। जिले के सभी 901 मतदान केन्द्रों के 43 हजार 909 पृष्ठ की निर्वाचक नामावलियों के लिए 87 हजार 818 रूपए राशि निर्धारित है। विधानसभावार निर्धारित दर पर निर्वाचक नामावली क्रय करने के लिए शुल्क राशि चालान द्वारा शासकीय कोषालय में निर्वाचन आय मद 0070-अन्य प्रशासनिक सेवाएं-निर्वाचन-ग-अन्य प्राप्तियां 02-निर्वाचन आय के तहत जमा कर चालान की मूल प्रति प्रस्तुत करने पर निर्वाचन नामावली प्राप्त की जा सकेगी।

### प्रिंट मीडिया में पूर्व प्रमाणित राजनैतिक विज्ञापन ही हो सकेंगे प्रकाशित

**पन्ना।** लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत मतदान के दिन और मतदान के एक दिन पहले प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणित कराना होगा। एमसीएमसी कमेटी से पूर्व प्रमाणित विज्ञापन ही प्रिंट मीडिया में प्रकाशित हो सकेंगे। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। आयोग द्वारा प्रिंट मीडिया में मतदान की तिथि व मतदान से पूर्व दिवस पर प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों के लिये विशेष व्यवस्था दी गई है। नियमानुसार प्रिंट मीडिया में प्रकाशन के लिए विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणन के लिए राजनैतिक दल-आवेदकों को मतदान के दिन और मतदान से पूर्व दिवस पर विज्ञापन के प्रकाशित होने की प्रस्तावित तिथि से दो दिन पहले मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनीटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) को आवेदन देकर पूर्व प्रमाणन कराना होगा। पूर्व प्रमाणन के पश्चात ही समाचार पत्रों में ऐसे प्रचार विज्ञापन प्रकाशित किये जा सकेंगे।

### प्रशिक्षण स्थलों पर मेडिकल टीम की रहेगी व्यवस्था

**पन्ना।** लोकसभा निर्वाचन के तहत जिला मुख्यालय पर विभिन्न प्रशिक्षण केन्द्रों पर मतदान दलों का द्वितीय प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलाम्बर मिश्र द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के निर्देशानुसार प्रशिक्षण स्थल पर मेडिकल टीम की व्यवस्था के निर्देश दिए गए हैं। मेडिकल टीम में चिकित्सक सहित पैरामेडिकल स्टॉफ होंगे। साथ ही आवश्यक दवाईयां भी उपलब्ध रहेंगी। प्रशिक्षण के दौरान मेडिकल सहायता की जरूरत पर प्रशिक्षणार्थी को त्वरित रूप से सहायता प्रदान की जाएगी। आगामी 12 से 17 अप्रैल तक छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के कला एवं विज्ञान भवन, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, शासकीय मनहर कन्या उ.मा. विद्यालय और शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय में मतदान दलों का द्वितीय प्रशिक्षण होगा।

### सात साल से फरार स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार

**हटा ।** लोकसभा चुनाव आचार संहिता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अपराधियों को पकड़ने अभियान चला रही है इसी श्रृंखला में बुधवार को पुलिस अधीक्षक दमोह के निर्देशन व एसडीओपी नितेश पटेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मनीष कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर 7 वर्ष से फरार स्थाई वारंटी नगर के नवोदय वार्ड निवासी रूपाबाई पति रामकुमार साहू उम्र 50 वर्ष को प्रधान आरक्षक रुपेश तिवारी, 436 रोशनी,अभिषेक 708 मनीष द्वारा दमोह बस स्टैंड से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

# फांसीवादी ताकतों को नेस्तनाबूत करेंगे

## हमारा यह संकल्प है-कांग्रेस नेता अरूण यादव

पन्ना के एवर ग्रीन गार्डन में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी श्रीमती दीपा दीपनारायण यादव द्वारा भारी जनसमूह की रैली के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर नामांकन फार्म दाखिल किया गया।





**पन्ना।**

इस अवसर पर एवर ग्रीन गार्डन में एक नामाकन जनसभा आयोजित की गई। जिसमें पूरा गार्डन कार्यकर्ताओं से खचाखच भरा हुआ था। इस कार्यक्रम में सपा प्रत्याशी श्रीमती दीपा दीपनारायण यादव के अलावा समाजवादी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष कांग्रेस पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी, कांग्रेसी नेता अरूण यादव, सुप्रीमकोर्ट के अधिवक्ता विवेक तनख प्रमुख रूप से उपस्थित थे। इसके अलावा समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी के प्रदेशाधिकारी व कार्यकर्ता तथा आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष द्वारा सपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट देने की अपील की गई। वहीं कांग्रेस के दिग्गज नेता अरूण यादव ने कहा कि अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को खजुराहो सीट से उतारा है। जिसे गठबंधन के सभी साथियों ने तय किया है। भ्रष्टाचारी लोग देश को लूटने का कार्य कर रहे है। देश के संविधान को मिटाने का षड़यंत्र किया जा रहा है। जिस लिए फांसीवादी ताकतों को हराना है।


### पन्ना की तमन्ना है की हीरा मुझे मिल जाये-जीतू पटवारी

जीतू पटवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि इंडिया गठबंधन के साथ हांथ का पंजा है और पंजा हर परिवार का अंग है। पन्ना को तमन्ना है कि उसे हीरा मिल जाये तो पन्ना को सपा के प्रत्याशी के रूप में हीरा मिल गया। जिसे आप लोगोंको तारासना है। याद रखों कि नरेन्द्र मोदी के 400 पार का नारा सोची समझी साजिश है। निर्वाचन में गड़बड़ी से इंकार नहीं किया जा सकता। वर्ष 2019 के चुनाव में मोदी जी द्वारा 15 लाख रूपये हर खातेदार को देने का झूठा वादा किया गया था। जो हवा हवाई साबित हुआ। चुनावी चंदा सबसे अधिक भाजपा को मिला और बैंक खाता कांग्रेस का सीज किया गया। विधानसभा चुनाव के संकल्प पत्र में जो घोषणायें की गई थी वह भी झूठी मिली। नरेन्द्र मोदी स्वयं झूठ बोलते है और उनकी पार्टी भी झूटी है। पन्ना में मेडिकल कॉलेज की घोषणा की गई थी किन्तु मेडिकल कालेज तो दूर सिविल अस्पताल में डॉक्टर तक नहीं है। भाजपा प्रत्याशी वीडी शर्मा वर्ष 2019 में आप लोगों ने चुनकर भेजा था। पांच वर्ष के कार्यकाल में उनके द्वारा कितनी बार क्षेत्र का भ्रमण किया गया। कौन-कौन वादे पूरे किये गये। सायद पांच वर्ष बाद ही दर्शन हो रहे होगें। विकास तो दूर की कौड़ी है पांच वर्ष में रेल भी पन्ना नहीं ला सके। तथा पन्ना के सड़कों की हालात भ्जी खस्ता हालात बनी हुई है। अगली कड़ी में श्रीमती मीरा दीपनारायणयादव ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी ने पन्ना के साथ वादा खिलाफी की गई है। किसानों की आमदनी दोगनी करने का नारा लगाया गया था। आमदनी दुगनी तो दूर दुगना कर्ज हो गया। दो हजार का लालच देकर आम आदमी के जेब में टैक्स लगाकर डांका डाला जा रहा है। यह लड़ाई देश को बचाने की है। मंहगाई, बेरोजगारी, चरम पर है तथा अस्सी प्रतिशत मजूदरों का पलायन हो चुका है। हमारी पार्टी छोटी है और कमजोर है तो भ्जी हम भारी पड़ेगें। हमारी लड़ाई दलित और पिछड़ों की है भाजपा की सभी योजनायें अमीरों के लिए है। अमीरों का कर्ज माप होता है किसानों का नहीं। बीडी शर्मा ने सांसद निधि का उपयोग क्षेत्र के विकास के लिए नहीं अपने विकास में किया है। पन्ना जिले में एक सीमेन्ट उद्योग स्थापित किया गया है जिसमें स्थानीय लोगों को रोजगार नहीं मिलता है बाहरी लोगों को रोजगार मिलता है। कुल मिलाकर आप लोगों से अपील है कि सपा प्रत्याशी श्रीमती दीपा दीपनारायण यादव को भारी बहुमत से विजयी बनाये।

# अंतिम दिवस दस अभ्यर्थियों ने दाखिल किया नामांकन

## नामांकन अवधि में 19 अभ्यर्थियों ने 23 नाम निर्देशन पत्र जमा कराए





**पन्ना।**

लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत खजुराहो संसदीय क्षेत्र के लिए द्वितीय चरण में 26 अप्रैल को मतदान होगा। इसके पूर्व चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों से पन्ना जिला मुख्यालय पर रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय में गत 28 मार्च से 4 अप्रैल तक नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए गए। इस अवधि में 19 अभ्यर्थियों द्वारा 23 नाम निर्देशन पत्र जमा कराए गए। अभ्यर्थी विष्णुदत्त शर्मा ने 4 और राजा भइया प्रजापति ने 2 नामांकन दाखिल किए हैं। 5 अप्रैल को नामांकन की जांच की जाएगी, जबकि 6 एवं 8 अप्रैल को अभ्यर्थी अपरान्ह 3 बजे तक उम्मीदवारी से नाम वापस ले सकेंगे। रविवार, 7 अप्रैल को अवकाश रहेगा। नामांकन जमा करने के अंतिम दिवस आज 10 उम्मीदवारों ने नाम निर्देशन पत्र दाखिल किए। इनमें समाजवादी पार्टी से मीरा यादव, राष्ट्रीय जनसंचार दल से केशकली, पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) से नंदकिशोर, राष्ट्रीय जनसंभावना पार्टी (राजपा) से मोहम्मद इमरान द्वारा नामांकन दाखिल किए गए, जबकि बतौर निर्दलीय अभ्यर्थी फिरोज खान, मनसुख लाल कुशवाहा, जय सींग, बिटइया अहिरवार, विपिन दुबे, अवनीश तिवारी ने नामांकन दाखिल किया। इसके पूर्व 3 अप्रैल को 7 और 2 अप्रैल को 2 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया था, जबकि 28 एवं 30 मार्च को किसी भी अभ्यर्थी द्वारा नामांकन दाखिल नहीं किए गए।

# सामान्य प्रेक्षक पन्ना पहुंचे

**पन्ना।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा खजुराहो संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक नगिक्य गोहेन का गत 3 अप्रैल को पन्ना आगमन हुआ। इस मौके पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार ने प्रेक्षक से भेंट कर जिले में लोकसभा निर्वाचन के संबंध में की गई तैयारियों के बारे में अवगत कराया।



### मतदान कर्मियों को उपलब्ध कराई जाएंगी सुविधाएं

लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान कार्मिक कल्याण की व्यवस्था के तहत मतदान एवं मतदानकर्मियों ने संबंधित न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश जारी किए गए हैं। निर्वाचन कार्य में नियुक्त लोकसेवकों के लिए जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अशोक चतुर्वेदी को कल्याण अधिकारी वेलफेयर ऑफिसर नियुक्त कर नोडल अधिकारी मतदान कार्मिक कल्याण का दायित्व सौंपा गया है।

मतदान ड्यूटी पर तैनात मतदानकर्मियों के कल्याण के लिए आयोग द्वारा विभिन्न निर्देश भी प्रसारित किए गए हैं, जिसके तहत सभी मतदानकर्मियों को हेल्पलाइन नंबर प्रदान कराना अनिवार्य है, जिससे किसी भी अप्रत्याशित समस्याओं का त्वरित निराकरण हो सके। हेल्पलाइन नंबर 24 घंटे एवं 7 दिवस हेल्पडेस्क द्वारा संचालित होगा। इसी तरह मतदान के लिए स्वास्थ्य देखभाल, प्राथमिक चिकित्सा के लिए पृथक व्यवस्था भी की जाएगी। प्रशिक्षण केन्द्रों पर भी सभी मूलभूत सुविधाओं जैसे पानी, शौचालय, आगमन पर सहायता डेस्क, वाहन पार्किंग जैसी बुनियादी सुविधाओं की उचित व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। नियुक्त नोडल अधिकारी व वरिष्ठ अधिकारी इन स्थानों पर उपस्थित रहकर सुविधाओं की मॉनीटरिंग करेंगे। इसके अलावा मतदान दलों के लिए आवास व दूरस्थ क्षेत्रों में भोजन व्यवस्था सहित अन्य सुविधाओं के संबंध में जारी निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है।

# चांदी के विमान में विराजमान कर निकाली गई भगवान आदिनाथ की भव्य शोभायात्रा

**हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया**




जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान का जन्म कल्याणक महामहोत्सव पथरिया नगर में बड़े ही हषोल्लास धूमधाम से मनाया गया जिसमें प्रातः काल श्री जी की शोभा यात्रा श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से 7 बजे प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों बण्डा तिगड्डा, संजय चौराहा से होकर श्री पारसनाथ दिगम्बर जैन बड़े मंदिर जी पहुँची, उसके बाद बापिस होकर विमान आदिनाथ मंदिर जी में प्रवेश हुआ। नगर में विराजमान आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी के शिष्य मुनि श्री 108 पद्मसागर जी महाराज के मुखारविंद से मंगल प्रवचन हुए जिसमे मुनि श्री ने भगवान की महिमा का गुणगान करते हुए बताया जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ का जन्म उत्तरप्रदेश के अयोध्या नगर में हुआ था उनके पिता का नाम राजा नाभि राय और माता का नाम रानी मरू देवी था। आदिनाथ भगवान का जन्म आज से 84 लाख वर्ष पूर्व हुआ भगवान की लंबाई 500 धनुष थी लगभग 15 सौ मीटर। राजा ऋषभ देव के भरत चक्रवर्ती और बाहुबली आदि सौ पुत्र हुए और ब्रााह्मी वही एवं सुंदरी नाम की दो बेटियां थी ,मुनि श्री अंत में सभी से 16 तारीख में कुंडलपुर तीर्थ पर होने जा रहे आचार्य पदारोहण दिवस में पहुंचने और पुण्य प्राप्ति के लिए वहा पहुंचने के भी निर्देश दिए। प्रवचन के उपरांत अभिषेक और शांतिधारा मुनि श्री के मुखारविंद से सम्पन्न हुई जिसमें सभी जैन समाज के सभी व्यक्तियों की उपस्थिति रही, श्री जी की शोभायात्रा आदि समपन्न होने तक सभी जैन समाज पथरिया के प्रतिष्ठान बंद रहे शोभायात्रा बहुत ही भव्य तरीके से निकली गयी जिसमे दिव्यघोष, शहनाई, ढोल नगाड़ों, सांस्कृतिक भजनों के गायन द्वारा भव्यता से आदिनाथ जयंती मनाई गई।

# तालाब में दिखा 7 फीट लंबा मगरमच्छ

## देर शाम तक खोजती रही वन विभाग की टीम, पानी अधिक होने से नही दिखा मगरमच्छ

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बनवार**



तेजगढ़ रेंज के अंतर्गत जंप जबेरा की ग्राम पंचायत बीजाडोंगरी से करीब 500मीटर दूर पहाड़ी के उस पार दो दशक पुराने सार्वजनिक तालाब के घाट के पास 7 फीट का मगरमच्छ ग्रामीणों को दिखाई देते ही ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्राम की भागवत सिंह लोधी ने मगरमच्छ को जैसे ही तालाब के घाट के पास दिखते ही अपने मोबाइल से वीडियो फोटो बना ली और रेंजर नीरज पांडे को इसकी सूचना दी गई। इसके बाद भेंसखार बीट गार्ड सुरेंद्र अहिरवार चौकीदार भजन सिंह राजू यादव वन विभाग का अमला बीजा डोंगरी तालाब पहुंचा। ग्रामीणों ने बताया उन्होंने आज सुबह तालाब में तकरीबन 7 फीट लंबा मगरमच्छ को बैठे देखा और कुछ देर बाद आहट सुनते ही तैरते हुए तालाब के पानी में डूब गया और फिर दिखाई नही दिया। मौके पर पहुंची वन विभाग के अमले के घंटों इंतजार के बाद भी मगरमच्छ के दर्शन नहीं हो सके और पानी अधिक होने की बजह से मगरमच्छ को पकड़ा भी नहीं जा सका। लोगों ने बताया मगरमच्छ सुबह और शाम तालाब से निकलकर घाट व तालाब में निकले पठार पर बैठा हुआ दिखाई देता है। वन विभाग की रेस्क्यू टीम ने बताया की तलाब का क्षेत्रफल बड़ा है और गहराई अधिक है। इसके वजह से देखा पाना मुश्किल है। मगरमच्छ पर नजर रखी जाएगी और ग्रामीणों को भी तालाब से दूर रहकर सतर्क रहने की हिदायत दी गई है। बता दें ग्राम से 500 मीटर दूर पहाड़ी के उस पर यह तालाब है जिसमें ग्रामीणों ने बताया पहले तो तीन मगरमच्छ थे। लेकिन दो गायब हैं एक फीट लंबा मगरमच्छ आज सुबह-सुबह दिखाई दिया है। तालाब गांव के समीप सार्वजनिक उपयोगी है। जहां पर बच्चों महिलाओं पुरुष नहाने के लिए जाते है। गर्मियों के समय तालाब में 6 से 7 फीट पानी भरा हुआ है। और बड़े क्षेत्रफल में फैले इस तालाब कहीं पानी नहीं और खाली पठार निकल आया है। जहां मगरमच्छ तालाब के पानी से बाहर निकलकर बैठा रहता है। कभी-कभी तो घाट पर भी बैठा दिखाई देता है। सार्वजनिक घाटों पर चार से पांच मगरमच्छ निरंतर दिखाई दे रहे हैं। जिनकी दहशत में ग्रामीणों ने तालाब जाना तक बंद कर दिया। ग्रामीणों तालाब के जल का उपयोग करने से डर लग रहा।

# भगवान आदिनाथ जयंती पर किया सकोरों का वितरण



**दमोह।** जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा क्षेत्र क्रमांक 10 द्वारा जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभ नाथ जन्म ऐवं तप कल्याण के पावन अवसर पर स्थानीय जैन धर्मशाला परिसर में परम पूज्य आर्यिका रत्न गुरुमति माता जी ध्रण मती माता जी आर्यिका रत्न अनंत मति माताजी आदि 56 माता जी के संपूर्ण संघ के सानिध्य में श्री जी की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें जैन समाज के साथ ही जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा दमोह के सभी वीर वंधुओ ने सहभागिता की तदपश्चात श्रीजी का अभिषेक करने का सौभाग्य भी वीर वंधुओ को प्राप्त हुआ। तदपश्चात भीषण गर्मी एवं धूप को देखते हुए जीव दया की भावना से मिट्टी के सकोरों का वितरण किया गया। उक्त जानकारी देते हुए शाखा के अध्यक्ष अरुण जैन कोर्ट ने बतलाया की इस समय दमोह का तापमान बहुत अधिक है ऐसे में पक्षियों का प्यास से व्याकुल होना स्वाभाविक है। और हम सभी पर्यावरण प्रेमी इस गर्मी में पक्षियों की समस्या को समझ सकते हैं और ऐसा सोचकर शाखा द्वारा आज सकोरों का वितरण किया गया। शाखा के मंत्री मुकेश जैन मामा ने बतलाया प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी 100 से अधिक सकोरों का वितरण आज शाखा द्वारा किया गया है। पानी ठंडा रहे इसका ध्यान रखते हुए विशेष मिट्टी से बनाये हुए सकोरों का वितरण किया गया है। और यदि सभी भगवान आदिनाथ के भक्त अपने जीवन में जीवदया को अंगीकार करें तो भगवान आदीनाथ जन्मकल्याणक महोत्सव मनाना सफ़ल हो जायेगा। इस आयोजन में सुधीर जैन डवलू, जिनेंद्र जैन उस्ताद ,राकेश पालंदी ,आलोक पालंदी अवध जैन ,जवाहर जैन, महेश दिगंबर ,शैलेंद्र सराफ, सवन सिल्वर, राजेश हिनौती ,अखिलेश पंडितज्ञ जी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे कार्यक्रम का आभार शाखा की कोषाध्यक्ष सत्येंद्र जैन ने व्यक्त किया।

### भगवान आदिनाथ का जन्म कल्याणक मनाया

**कुंडलपुर।** सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र जैन तीर्थ कुंडलपुर में जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान श्री आदिनाथ जी का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्य भगवन श्री विद्यासागर जी महाराज के कुंडलपुर में बड़ी संख्या में विराजमान शिष्यों के सानिध्य में भगवान आदिनाथ का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव मनाने का मंगल अवसर प्राप्त हुआ। प्रातः प्रभात फेरी निकाली गई। भक्तांमर महामंडल विधान, पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक ,शांति धारा, पूजन ,आदिनाथ विधान हुआ। परम पूज्य मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज के मुखारविंद से शांति धारा का वाचन किया गया । कुंडलपुर में विराजमान सभी साधु जनों की आहारचर्या संपन्न हुई । सायंकाल भक्तांमर दीप अर्चना , पूज्य बड़े बाबा की महाआरती हुई। मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज का लोकप्रिय चर्चित कार्यक्रम शंका समाधान का सीधा प्रसारण किया गया। जिसमें लोगों ने अपनी अपनी शंकाओं का समाधान पाया।

### न्यायिक कर्मचारी संघ ने किया विदाई समारोह का आयोजन

**दमोह।** न्यायिक कर्मचारी संघ दमोह द्वारा स्थानांरित हुये न्यायिक अधिकारियों का विदाई बेला के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वागत बेला के दौरान सर्वप्रथम प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती रेणुका कंचन सहित स्थानांतरित हुये समस्त न्यायिक अधिकारीगण अपर जिला न्यायाधीश श्रीमती रजनी प्रकाश बाथम, अम्बुज पांडेय, न्यायिक मजिस्ट्रेट सु श्री नुपूर तिवारी, सु श्री रूही हाजमी का न्यायिक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अनिल कुमार स्वामी, उपाध्यक्ष आलोक ठाकर, सचिव डोनाल्ड मसीह, सह सचिव गनेश सिंह, कुलदीप चाचौदिया, प्रचार सचिव अरूण जैन, उप प्रचार सचिव शकील खान, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष जितेन्द्र यादव द्वारा पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। तत्पश्चात न्यायिक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अनिल कुमार स्वामी द्वारा स्वागत भाषण दिये गये जिसमें उन्होंने प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा अपने कार्यकाल के दौरान कर्मचारियों के हित में किये गये समस्त कार्यों के लिये आभार व्यक्त किया गया।

**खबर संक्षेप**

### दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**हरपालपुर।** घर मे घुसकर बलात्कार करने वाले एक फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उक्त आरोपी पिछले करीब 5 माह से फरार था और उसकी गिरफ्तारी पर 5 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। थाना प्रभारी राकेश साहू ने बताया कि 23 नवंबर 2023 को करण राजपूत ने एक महिला के घर में घुसकर छेड़छाड़ करते हुए दुष्कर्म किया था। पुलिस ने करण राजपूत के विरुद्ध धारा 323, 354, 456, 376 और 511 के तहत मामला पंजीबद्ध किया था। घटना के बाद से करण राजपूत फरार था, उसकी गिरफ्तारी पर 3 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। बुधवार को मुखबिर की सूटीक सूचना पर नगर की राजपूत कॉलोनी से करण राजपूत उम्र 26 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### एमएड के तृतीय सेमेस्टर के परिणाम से असंतुष्ट दिखे छात्राध्यापक



**छतरपुर।** शासकीय शिक्षा महाविद्यालय में अध्यनरत एमएड छात्राध्यापकों के तीसरे सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। परिणाम घोषित होते ही छात्राध्यापकों में असंतोष व्याप्त हो गया। करीब डेढ़ दर्जन छात्राध्यापकों ने परिणामों से असंतोष जताते हुए महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के कुलसचिव को ज्ञापन देकर पुनः मूल्यांकन कराने की मांग की है।

कुलसचिव को सौंप गए ज्ञापन में छात्राध्यापकों ने कहा कि 80 अंक के पूर्णांक में से 16 छात्रों को सिर्फ 27 अंक मिले हैं। वहीं चार परीक्षार्थियों को सिर्फ 10 अंक हासिल हुए हैं। छात्राध्यापकों का कहना है की प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर में 75 से 90 फीसदी अंक प्राप्त हुए थे अचानक बेहद कम अंक दिए जाने से छात्राध्यापकों में रोष है।

### सहायक रिटर्निंग आफीसर पदाविहित

**दमोह।** 07-दमोह संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियो/निर्वाचन अभिकर्ता/एजेंट के द्वारा प्रचार-प्रसार हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने ध्वनि विस्तारक यंत्र के साथ आमसभा/अस्थाई पार्टी कार्यालय/ रोस्ट्रम वेरिकेड/ नुक्कड नाटक/ ध्वनि विस्तारक यंत्र के साथ जुलूस / नुक्कड़ सभा/ ध्वनि विस्तारक यंत्र के बिना आमसभा/ लोकसभा क्षेत्र में वाहन अनुमति हेतु जारी आदेश में आंशिक संशोधन किया है।

### दूध एजेंसी का किया गया औचक निरीक्षण

**दमोह ।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वरा दिये गये निर्देशों के तहत डी.ओ. खाद्य सुरक्षा प्रशासन राकेश अहिरवाल के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी बुधौलिया ने दमोह में ग्राम हिरदेपुर, सागर नाका स्थित देवेंद्र पांडे दूध एजेंसी प्रो. देवेंद्र पांडे का निरीक्षण कर मौके पर विक्रय हो रहे देवश्री ब्रांड दूध एवं दही के नमूनें जांच हेतु लिए।

### प्रथम रेण्डमाईजेशन

**दमोह।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर की अध्यक्षता में लोकसभा संसदीय क्षेत्र 07-दमोह के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र 54-पथरिया, 55-दमोह, 56-जबेरा एवं 57-हटा (अजा) में मतदान कर्मियों के रूप में सम्मिलित पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी नं 1,2,3 का ₹प्रथम रेण्डमाईजेशन₹ न्यू व्ही.सी. रूम एन.आई.सी. दमोह में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम, सहायक नोडल अधिकारी डीआईओ, एनआईसी योगेन्द्र सिंह ठाकुर, सहायक नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी डीआईओ, ए.ई. पी.एच.ई. उपस्थित रहे।

# 6 साल की मासूम को नाबालिग ने बनाया हवस का शिकार

## पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को किया गिरफ्तार

जिले के भगवां थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग किशोर के द्वारा महज 6 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म किए जाने का शर्मनाक मामला सामने आया है। जिस दौरान बच्ची के साथ घटना हुई उस वक्त बच्ची अपने छोटे भाई के साथ खेत पर खेल रही थी। शाम को जब बच्ची घर गई तब उसने परिजनों को घटना की जानकारी दी। बुधवार को उसके परिजनों ने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत की। रिपोर्ट दर्ज होने के कुछ घंटों बाद ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

**बच्ची के साथ दुष्कर्म किए जाने का घृणित मामला**

छतरपुर

प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की दोपहर कक्षा एक में पढने वाले 6 साल की बच्ची अपने 9 वर्षीय बड़े भाई और 4 वर्षीय छोटे भाई के साथ खेत पर गई थी। बच्ची का पिता मजदूरी करने गया था, और मां घर पर थी। दोपहर के समय बड़ा भाई खाना लेने के लिए घर चला गया था, तभी गांव का एक नाबालिग किशोर वहां पहुंचा और दोपहर 2 बजे जबरन बच्ची को खेत में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म कर डाला। बच्ची के साथ खेल रहा उसका छोटा भाई डर के कारण छिपा रहा और उसके सामने ही आरोपी ने घटना को अंजाम दिया। घटना के बाद बच्ची घर पहुंची और मां को पूरी बात बताई। बुधवार को माता-पिता बच्ची के साथ थाने पहुंचे और घटना की जानकारी पुलिस को दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस बच्ची को लेकर जिला अस्पताल पहुंची और उसका मेडिकल परीक्षण कराया। इसके बाद पूरे परिवार को महिला थाने ले जाया गया, जहां मामला दर्ज हुआ। भगवां थाना प्रभारी रामस्वरूप उपाध्याय ने बताया कि बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना हुई है, बच्ची का जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया गया है। घटना कारित करने वाले नाबालिग आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### इनका कहना है

भगवां थाना क्षेत्र में बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आई है। मामला गंभीर है, सभी वरिष्ठ अधिकारी मामले की निगरानी कर रहे हैं। नाबालिग आरोपी के विरुद्ध नामजद मामला दर्ज किया गया है और उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

**विक्रम सिंह, एएसपी, छतरपुर**

# चुनाव प्रतिशत बढ़ाने प्रत्येक पेंशनर ने 5-5 मतदाताओं को जागरूक करने का लिया संकल्प

प्रोगेसिव पेन्शनर्स एसोसिएशन ने बैठक में मतदान प्रतिशत बढ़ाने का लिया संकल्प

नौगांव

पेंशनर्स एसोसिएशन ने आगामी लोकसभा चुनाव को को लेकर मतदाता जागरूक करने के उद्देश्य से बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में चुनाव में शत प्रतिशत मतदान बढ़ाने एवं आम मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के साथ लोकतंत्र में मतदान की अहमियत बताने के उद्देश्य से संकल्प लिया गया।

नौगांव तहसील इकाई की प्रोगेसिव पेन्शनर्स एसोसिएशन की बैठक संघ के अध्यक्ष बिन्द्रावन मिश्रा की अध्यक्षता में गायत्री मन्दिर शाक्ति पीठ में हुई। बैठक में विशेष आमंत्रित संतोष गंगेले उपस्थित रहे। बैठक का संचालन अध्यक्ष बिन्द्रावन मिश्रा के द्वारा किया गया। सर्वप्रथम सभी उपस्थित पेन्शनरों द्वारा माँ गायत्री की प्रतिमा पर पुष्प माला पहनाकर पूजन किया। तत्पश्चात अयोजन समिति मे 80 वर्ष / अधिक आयु के सदस्य सरदार सिंह कुशवाह, जुगलकिशोर अग्रवाल, डा.एम.एल.वर्मा, एस.एस.पस्तोर, डी.डी चौबे को होली मिलन की गुलाल एवं पुष्प माला से श्री संतोष गंगेले, ब्रिंद्रावन मिश्रा, बिहारीलाल रैकवार, आर.सी. वर्मा, एस.सी.लोधी, आर. सी. वर्मा, आशोक श्रीवास्तव, धनेश नायक, आदि ने सम्मानित किया। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने और जागरूकता लाने उन्हे प्रेरित करने के लिये पॅन्शनरों से निवेदन किया गया। विशेष कर 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओ को बीएलओ की सहायता से मतदान, युवाओं को



लोकतंत्र के महापर्व में मतदान की आहूति करने के साथ मदताओं के उनकी अहमियत बताने के साथ मतदान प्रतिशत बढाने का संकल्प लिया। साथ ही प्रत्येक पेन्शनर सदस्य कम से कम 5-5 मतदाताओ को प्रेरित करेगें ताकि मतदान प्रतिशत अधिक से अधिक हो सके। सभी सदस्यों ने गुलाल लगाकर होली मिलन मनाया। कार्यक्रम के अंत में दिवंगत स्वर्गवास हुऐ पेन्शनर साथी डा एचएन त्रिपाठी, डा श्रीकांत त्रिपाठी, जगतराज बादल, आरएन अग्निहोत्री एवं गनेश प्रसाद तिवारी, एसके श्रीवास्तव को श्रद्धान्जली दी गई और 2 मिनट का मौन धारण किया गया।

# भगवान आदिनाथ के जन्म एवं तप कल्याण पर हुआ पूजन विधान

**छतरपुर।** जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान का जन्म और तप कल्याण के उपलक्ष्य में बुधवार को प्रातः बड़े जी में आदिनाथ भगवान जी की शांति धारा, अभिषेक आदिनाथ विधान और 48 रजत दीपक्रों से आरती की गई।सखी महिला परिषद की सचिव प्रीति जैन ने बताया कि आदिनाथ भगवान का के जन्म का पालन सखी महिला परिषद की बहनों के द्वारा सजाया गया। समाज के सभी पुरुष एवं महिला वर्ग ने बड़ी उत्साह पूर्वक एवं धूमधाम से यह पर्व मनाया। इस कार्यक्रम में उपाध्यक्ष रितेश जैन, विमल जैन सुरेंद्र दादा, संतोष पहलवान, राहुल कुपी ओर समाज के वरिष्ठ लोग उपस्थित रहे। सखी महिला परिषद की संभागीय अध्यक्ष ममता जैन, संभागीय सचिव करुणा, जैन अध्यक्ष रेशम जैन, सचिव श्रीमती प्रीतिजैन, कोषाध्यक्ष सविता जैन, सृष्टि जैन, राखी जैन, रचना जैन, सुमन जैन और सखी परिषद की सारी बहनें उपस्थिति रही और इस प्रोग्राम उत्साह पूर्वक धूमधाम से मनाया गया।



सखी महिला परिषद ने किया धार्मिक आयोजन

# राष्ट्रीय सेवा योजना की महिला इकाई विशेष शिविर के अंतर्गत हुए विभिन्न कार्यक्रम

**छतरपुर।** श्री कृष्णा विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस 02 अप्रैल को स्वास्थ्य और स्वच्छता को महत्व देते हुए विश्वविद्यालय परिसर के अंदर सभी कक्षाओं में जा जा कर गुटखा न खाने की हिदायत दी एवं कूड़ा डालने के लिए डस्टबिन का ही प्रयोग करने के लिए समझाया तथा जिन कक्षाओं में डस्टबिन नहीं थे उनमें स्वयंसेवी छात्राओं ने डस्टबिन भी रखवाए। भोजन के बाद बौद्धिक सत्र भी चलाया गया जिसमें हिंदी विभाग की सहायक प्राध्यापक वंदना शुक्ला ने ईच वन टीच वन पर अपने विचार व्यक्त किये।

चतुर्थ दिवस 03 अप्रैल को गोद ग्राम छिरावल में मतदाता जागरूकता जागरूकता रैली निकाल कर समस्त ग्रामवासियों को मतदान अधिकार एवं कर्तव्य का पालन पर मतदान की महत्ता को समझाया। भोजन उपरांत एक बौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यक्रम अधिकारी कु. वर्षा यादव ने इस अवसर उपस्थिति सभी ग्रामवासियों को मतदान अधिकार एवं कर्तव्य पालन पर विचार रखते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य ग्राम के मतदाताओं तक पहुंचकर उन्हें मतदान के महत्व से अवगत कराना है। कभी जानकारी के आभाव से तो कभी जागरूकता की कमी से कितने ही मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने में असफल रह जाते




हैं। इस दौरान मतदाताओं को अपने मत का दान करने के लिए और चुनाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित करना ही हमारा और हमारे एन.एस.एस. के विशेष शिविर का उदेश्य है।

शिविर के पांचवे दिवस 04 अप्रैल को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाकर प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण और विद्यार्थियों के रक्तचाप और मधुमेह की जांच की गई। बौद्धिक सत्र में राजनीति विज्ञान के सह प्राध्यापक विजय चतुर्वेदी ने आंतरिक शक्ति मन की एकाग्रता पर अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर एन.एस.एस की छात्राएँ आरती पाठक, रीति खरे, निशा यादव, महक, मोहिनी, मनीषा, प्रतिक्षा, नीलू,भारती एवं सावित्री आदि उपस्थित रहीं।

# आनंद के फैलाव के लिए सहयोगियों का प्रशिक्षण जारी

## खुद के मूल्यांकन और परिमार्जन में मदद करता है अल्पविरामः डायरेक्टर

छतरपुर

राज्य आनंद संस्थान द्वारा जल एवं भूमि प्रबंधन संस्थान वाल्मी में आयोजित तीन दिवसीय आनंदम सहयोगी प्रशिक्षण में प्रदेश के 53 जिलों के लिए 58 आनंदक भागीदारी कर रहे हैं। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए संस्थान के डायरेक्टर प्रवीण गंगराड़े और सत्य प्रकाश आर्य ने कहा कि खुद के सतत मूल्यांकन और परिमार्जन के लिए अल्पविराम कार्यक्रम सहयोगी के रूप में काम करता है। मान्यताओं और संवेदनाओं का मूल्यांकन करते हुए अंतरात्मा की आवाज सुनने का अभ्यास है अल्पविराम, रोज प्राप्त हो रही बहुत सारी सूचनाओं और जिज्ञासाओं का समाधान खुद में जांच परख कर किया जा सकता है। इस अवसर पर फैसिलिटेटर के रूप में छतरपुर से लखनलाल असाटी, नई दिल्ली से साधना श्रीवास्तव, कटनी से अनिल कांबले, विदिशा से वर्णा श्रीवास्तव और खंडवा से गणेश कानडे उपस्थित हैं। छतरपुर जिले से आनंदक के रूप में रितिक यादव, प्रताप मोदी, शीतल सिंह, फूला बट्टी,मेघा बट्टी सहभागिता कर रही है। जीवन का लेखा-जोखा, कृतज्ञता, मदद एवं क्षमा के भाव पर विस्तार से चर्चा की गई, चिंता का दायरा और प्रभाव का दायरा भी देखा गया। फैमिली ग्रुप में विचारों का आदान-प्रदान हुआ, प्रकृति के साथ आत्मपोषण पर भी काम हुआ। संपर्क सुधार और दिशा के माध्यम से लखनलाल असाटी ने बताया कि जब उन्होंने खुद से अपना संबंध ठीक किया और संवाद किया तो बहुत सारे सुधार हो पाए जिससे उन्हें उनके परिवार और समाज को दिशा मिली, फ्रीडम गिलास के माध्यम से साधना श्रीवास्तव ने अपने जीवन के करेक्शन की कहानी सुनाई, प्रतिभागियों ने शांत समय लेकर बताया कि उन्हें भी अपने अंदर क्रोध, ईर्ष्या, जलन दिखाई देता है, दूसरों की कम सुनते हैं, दूसरों को जज करते हैं, गलत को गलत नहीं कह पाते हैं, निर्णय नहीं ले पाते हैं, काम को टालते हैं, तुरंत प्रतिक्रिया करते हैं, मां बाप को इग्नोर करते हैं। भावना में बह कर निर्णय लेते हैं, मीन मेख निकालते हैं आदि आदि, उन्हें अभ्यास कराया गया कि जो विचार वह चला रहे हैं उसके पीछे की मान्यताओं और संवेदनाओं को जांचने परखने की जरूरत है।



कार्यक्रम के सफल आयोजन में राज्य आनंद संस्थान की ओर से कमलेश कुमार तिवारी, प्रदीप कुमार महतो, मुकेश करुआ, रवि मालवीय आदि की सक्रिय सहभागिता है। प्रतिदिन सुबह 7 बजे से प्रारंभ होकर यह कार्यक्रम रात 10 बजे तक लगातार कई सत्रों में संचालित हो रहा है। इस दौरान कुछ प्रेरणादायक एक्टिविटी भी कराई जा रही है।

# सैंपल फेल होने के बाद नष्ट कराए गए राठौर ट्रेडर्स के मसाले

**फरवरी में हुई थी छापामार कार्यवाही, दर्ज हो सकती है एफआईआर**

**छतरपुर।** विगत फरवरी माह में जिला प्रशासन द्वारा कोतवाली थाना क्षेत्र में संचालित राठौर ट्रेडर्स नामक फर्म पर छापामार कार्यवाही करते हुए यहां बनाए जा रहे मसालों के सैंपल लिए थे। उक्त सैंपल को जांच के लिए भोपाल भेजा गया था, जहां से मसालों में मिलावट होने की पुष्टि की गई। सैंपल फेल होने के बाद गुरूवार को छतरपुर एसडीएम अखिल राठौर की मौजूदगी में फर्म के अंदर रखे मसालों को नष्ट करवाया गया। एसडीएम के अनुसार फर्म संचालक पर एफआईआर भी दर्ज हो सकती है।

एसडीएम अखिल राठौर ने बताया कि कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत राजनगर बाईपास मार्ग पर मोतीलाल साहू नामक व्यापारी द्वारा पिछले करीब दो वर्षों से राठौर ट्रेडर्स नाम से मसाला फैक्ट्री का संचालन किया जा रहा था। प्रशासन को सूचना मिली थी कि उक्त फैक्ट्री में तैयार किए जा रहे उत्पादों में मिलावट की जा रही है। इसी सूचना के आधार पर कलेक्टर के निर्देशन में 16 फरवरी 2024 को प्रशासनिक अधिकारियों की टीम ने फैक्ट्री पर छापामार कार्यवाही की थी। फैक्ट्री में तैयार किए जा रहे मसालों के जांच के दौरान सैंपल लिए गए थे, जिन्हें जांच के लिए भोपाल भेजा गया था। साथ ही फैक्ट्री परिसर को सील कर दिया गया था। भोपाल में सैंपल की जांच किए जाने पर यह पाया गया कि मसालों में मिलावट की गई है। सैंपल फेल होने के बाद गुरूवार को फैक्ट्री में रखे मसालों को नष्ट कराया गया है। एसडीएम श्री राठौर ने बताया कि फैक्ट्री संचालक द्वारा किए गए कृत्य के लिए जेल और जुर्माना का प्रावधान है। संचालक पर विधि सम्मत कार्यवाही की जाएगी।



# केंसर पीड़ित महिला के लिए एडवोकेट ने किया रेयर रक्तदान

**छतरपुर।** बात जब रेयर ग्रुप की आती है तो सभी मदद करने में सहयोग करने में लग जाते है। आपाज़ी ब्लड ग्रुप के रफत खान ने जानकारी दी एक कैंसर पीड़ित महिला जिसके साथ केवल उसकी लड़की है इलाजरत थी ब्लड की कमी थी जिसके कारण महिला की कीमोथेरेपी नही हो पा रही थी। महिला का ए नेगेटिव ब्लड ग्रुप था जो ब्लड बैंक में भी उपलब्ध नहीं था कैंसर पीड़ित महिला ने सभी से मदद की गुहार लगाई। यह जानकारी ब्लड बैंक प्रभारी डा श्वेता गर्ग को मिली तो उन्होंने भी प्रयास करना आरंभ किया और अंततः उनके सफल प्रयास से आपाजी ग्रुप के सक्रिय रक्तदानी एडवोकेट राजवर्धन मिश्रा ने आगे आकर रक्तदान किया। अभी 3 महीने पहले ही उन्होंने एक पीड़ित की रक्तदान करके जान बचाई थी।



# अवैध हथियार के साथ सोशल मीडिया पर डाली फोटो, पुलिस ने उठा लिया

**छतरपुर।** अवैध हथियारों के साथ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर डाली जाने वाली तस्वीरों और वीडियो की पुलिस द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। बीते रोज जिले के बमनौरा थाना क्षेत्र के एक युवक ने अवैध हथियार के साथ सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीर डाली थी, जिसके बाद पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

बमनौरा थाना प्रभारी मनोज गोयल ने बताया कि सोशल मीडिया पर डाली गई फोटो में युवक कट्टा और कारतूस लिये दिख रहा था। पड़ताल में युवक की पहचान हीरा उर्फ हीरालाल पुत्र दिविया अहिरवार उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम मवई के रूप में हुई, जिसके बाद पुलिस टीम ने हीरा उर्फ हीरालाल को पकड़कर पूछताछ की। आरोपी के पास से 12 बोर का कट्टा व कारतूस बरामद करते हुए धारा 25/27 आम्र्स एक्ट का मामला पंजीबद्ध किया गया है।




## आईपीएल के मैच पर ऑनलाइन लगाया जा रहा था सट्टा

# पुलिस ने दबिश देकर 3 को पकड़ा, एक फरार

अनैतिक गतिविधियों की रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत राजनगर पुलिस ने 3 युवकों को गिरफ्तार किया है, जो आईपीएल में सट्टाबाजी करवा रहे थे। सट्टेबाजी का मुख्य आरोपी भागने में सफल रहा, जिसकी तलाश की जा रही है।

छतरपुर

राजनगर थाना प्रभारी सिद्धार्थ शर्मा ने बताया कि राजनगर के इमलया मोहल्ले में कुछ लोगों द्वारा ऑनलाइन वेबसाईट के माध्यम से सट्टा खिलवाए जाने की सूचना उन्हें मिली थी। सूचना के आधार पर उन्होंने अपनी टीम के साथ संबंधित स्थान पर दबिश दी। पुलिस को देख सटोरिये भागने लगे थे, जिनमें से 3 युवकों को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया, एक युवक भागने में सफल रहा। पकड़े गए युवकों ने अपने नाम चाँद पुत्र कल्लू खान उम्र 24 साल, समीर पुत्र बब्लू रंगरेज उम्र 22 साल दोनों निवसी इमलया मुहल्ला राजनगर एवं हुसैन पुत्र अली खान उम्र 28 साल निवासी सैय्यदगंज मुहल्ला राजनगर बताए हैं। एक युवक जो भागने में सफल रहा उसका नाम फैजान खान था और वह इस अनैतिक व्यापार का संचालक था। पकड़े गए युवकों के मोबाईल चैक करने पर उनके पास से ऑनलाईन सट्टा बेवसाईट की कई आईडी और पासवर्ड मिले हैं। पुलिस ने 3 नग मोबाइल और 1000 रुपए की नगदी जप्त की है। सभी आरोपियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### नामांकन पत्रों की आज होगी संवीक्षा

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र के लिए 16 उम्मीदवारों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नामांकन पत्रों की जाँच 5 अप्रैल को कलेक्ट्रेट कार्यालय रीवा में की जाएगी। रिटर्निंग आफीसर तथा कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल एवं सहायक रिटर्निंग आफीसरों द्वारा नामांकन पत्रों की जाँच की जाएगी। नामांकन पत्रों की जाँच के समय उम्मीदवार तथा उनके प्रतिनिधि उपस्थिति रह सकते हैं।

### 8550 रूपए की देशी शराब की गई जब्त

**कटनी।** पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया व हेडक्वाटर डीएसपी उमराव सिंह के निर्देशन मे एसएसटी टीम विलायतकला द्वारा चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति मनीष पिता फूलचंद पटेल 29 साल निवासी रुपोंद के कब्जे से 50 पाव प्लेन शराब कीमती 5000 रु की जप्त की गई । इसके अतिरिक्त एफएसटी टीम के द्वारा ग्राम बंदरी से रामप्रसाद पिता लालमन गोंटिया उम्र 60 वर्ष निवासी बंदरी के कब्जे से 95 पाव देशी शराब कीमती 8550 रु की भ्रमण के दौरान जप्त की गई ।

### चुनाव में अनुमति प्राप्त करने सुविधा पोर्टल का करें उपयोग

**कटनी।** लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी द्वारा प्रचार-प्रसार के समय उपयोग किये जाने वाले वाहनों, रैली एवं जुलूस, सभा आदि की अनुमति सिंगल विंडो से प्राप्त की जा सकती है। भारत निर्वाचन आयोग ने सभी चुनावी अनुमतियों को संसाधित करने के लिए एकल खिड़की के लिए 'सुविधा पोर्टल' नामक एक एप्लिकेशन लॉन्च किया है। यह एप्लिकेशन उम्मीदवार और सीमित कार्यक्षमता वाले राजनीतिक दलों के लिए तैयार किया गया है। यह एक वेब-आधारित एप्लिकेशन है जो अनुमति आवेदन भरने का विकल्प प्रदान करता है। राजनीतिक दल या उम्मीदवार अपने मोबाइल नंबर का उपयोग करके आसानी से एक प्रोफ़ाइल बना सकते हैं। एक बार प्रोफ़ाइल बन जाने के बाद, वे ऑनलाइन मोड के माध्यम से अनुमति अनुरोध सबमिट कर सकते हैं। यदि कोई राजनीतिक दल संबंधित अधिकारियों को भौतिक अनुमति अनुरोध प्रस्तुत करता है, तो वह सिस्टम में ऑफ़लाइन प्राप्त अनुमति को भी डिजिटल कर देगा। सभी डिजिटलीकृत अनुमति एवं ऑनलाइन प्राप्त अनुमति अनुरोध को इनकोर प्रणाली के माध्यम से अनुमोदन हेतु विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारी एवं नोडल अधिकारी को भेजा जाएगा।

### आधार से ई-केवाईसी का पूर्ण कराने शिविर आज से

**कटनी।** समग्र पोर्टल में नागरिकों के समग्र आईडी का आधार के साथ शत-प्रतिशत ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण नहीं होने से नगर के समस्त 45 वार्डो में पुनः 4 अप्रैल से 16 अप्रैल तक प्रातः 10 बजे से 6 बजे तक शिविर लगाये जावेंगे। निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल ने शिविरों की व्यवस्था के लिए अधिकारी/कर्मचारियों को दायित्व सौंपे है एवं उपायुक्त पवन कुमार अहिरवार को प्रभारी अधिकारी तथा योजना प्रभारी रविशंकर पाण्डेय को शिविर सहायक प्रभारी बनाया है। दस्तावेजों सहित शिविर स्थल पर पहुंचकर समग्र आईडी का आधार से ई.केवाईसी करावें।

### बूथ लेवल अवेयरनैस ग्रुप की बैठक 6 को

**कटनी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से बूथ लेवल अवेयरनैस ग्रुप का गठन किया गया है। जिसकी बैठक 6 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से आडिटोरियम बस स्टेण्ड कटनी में आयोजित की गई है। निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल नें आयोजित बैठक की संपूर्ण व्यवस्था का दायित्व प्रभारी अधिकारी जागेश्वर पाठक राजस्व अधिकारी को प्रदान कर पयेजल व्यवस्था, साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था सहित बैठक की सूचना से संबंधितों को अवगत कराने हेतु विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों को दायित्व सौपा है।

# फर्जी लूट की शिकायत ने करोड़ों के आईपीएल सट्टा से उठा दिया पर्दा, किंग गिरतार

**सट्टा किंग के घर से पुलिस को 1 करोड़ 35 लाख रूपये मिले**



रीवा

जिले में आईपीएल सट्टा का कारोबार लंबे अर्से से हो रहा है। ऐसा नहीं कि इस बात की जानकारी पुलिस को नहीं थी, लेकिन नीचे तबके के पुलिस मैनेजमेंट के संरक्षण में सट्टे का कारोबार बराबर चलता रहा और ऊपर बैठे अधिकारियों को भनक तक नहीं लगती रही। इस बात का खुलासा तब हुआ जब आईपीएल सट्टे में लाखों रूपये दांव लगाकर हारने वाला खिलाड़ी समान थाना में जाकर फर्जी लूट की कहानी सुनाई। थाना प्रभारी समान हितेंद्रनाथ शर्मा से लेकर सीएसपी, एसपी तक के कान उस वक्त खड़े हो गये जब युवक ने बताया कि उसके साथ 95 लाख रूपये की लूट हो गई। पुलिस ने जब सच्चाई का पता लगाना शुरू किया तो लूट की कहानी से पर्दा उठते हुए बात आईपीएल के सट्टे पर जा अटकी। एसपी विवेक सिंह के निर्देश पर शहर एसपी नवीन तिवारी, टीआई समान हितेंद्रनाथ शर्मा और सिविल लाइन पुलिस टीम सहित साइबर टीम ने आईपीएल के सट्टा किंग अमित आहूजा उर्फ छमन निवासी पद्मधर कालोनी को गिर तार कर लिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सटोरिया अमित आहूजा उर्फ छमन के घर से 1 करोड़ 29 लाख रूपये मिले है, लेकिन वहीं दूसरी ओर इस बात को भी लेकर सुगबुगाहट चल ही है कि सट्टा किंग के घर से पुलिस को 1 करोड़ 35 लाख रूपये मिले हैं।

### कुछ ऐसी पहुंची सट्टा किंग तक पुलिस

सूत्रों की माने तो समान पुलिस ने जब लूट की फर्जी शिकायत करने वाले युवक से सघन पूछतांछ की तो उसने बताया कि किसी व्यापारी से 95 लाख रूपये उधार लेकर आईपीएल के सट्टे में दांव पर लगा दिया था। व्यापारी से बचने के लिए लूट की कहानी बनाई और थाना पहुंचा। पुलिस को पूछतांछ में बताया कि दांव उसने सट्टा किंग छ मन के अड्डे पर लगाया। इतना सुनते ही गुरूवार की दोपहर पुलिस की एक टुकड़ी छ मन के घर में दबिस देकर साथ उठा ले गई और अपने अंदाज पर पूछतांछ की।

### घर के अंदर घुसते ही पुलिस की चौधिंया गई आंख

छमन के पकड़े जाने की खबर पुलिस ने गोपनीय रखी और जब सट्टे का सारा खेल समझ गई तो शहर एसपी नवीन तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम सट्टा किंग छ मन उर्फ अमित आहूजा के पदमधर कालोनी स्थित मकान में दबिस दी। घर के अंदर कदम रखते ही पुलिस की आंख चौधिंया गई। लगभग तीन बैगों में 5 सौ, 2 सौ एंव 100 के नोटों की गड्डियां भरी हुई थी जो आईपीएल के सट्टे में लगाई गई थी। इतना ही नहीं आईपीएल सट्टे से संबंधित कई इलेक्ट्रानिक सिस्टम एंव लगभग दो दर्जन मोबाइल पुलिस के हाथ लगे। बाक्स समाज के ठेकेदारों और सफेदपोश नेताओं का है संरक्षण बताते चले कि सट्टा किंग अमित आहूजा उर्फ छ मन सब्जी मंडी में दिखावटी एक किराने की दुकान चलाता है। उसका असली कारोबार आईपीएल का सट्टा खिलाना है। जिसे उसी के समाज के ठेकेदारों एंव सफेदपोश नेताओं का संरक्षण मिला हुआ है जो उसके लिए कवच का काम करते हैं। ऐसे में पुलिस भी उस पर हाथ लगाने से डरती थी।

### मीडिया मैनेज के चक्कर में पहुंच गया था थाना

बताते चले कि सट्टा किंग छमन के सिर पर एक माह पूर्व ही शनि मंडराने लगा था। एक समाचार पत्र के रिपोर्टर ने उसकी सारी कुंडली खंगाल ली थी, इस बात की जानकारी जब सट्टा किंग को लगी तो वह मीडिया मैनेज करने शिल्पी प्लाजा स्थित कार्यालय जा पहुंचा। बताया जाता है कि पैसों और पावर के घंमड ने उसी जुबां लडख़ड़ा दी और मीडिया कर्मियों द्वारा उसे सिविल लाइन पुलिस के हवाले कर दिया गया। इस बात की जानकारी जैसे ही समाज के ठेकेदारों को लगी तो सिविल लाइन पुलिस पर दवाब बनाते हुए थाना से छुड़ा ले गये थे। यदि उसी समय उसके मोबाइलों को खंगाला जाता तो आज से एक माह पूर्व ही रीवा में चल रहे आईपीएल सट्टे का खुलासा हो जाता।

## 50 एकड़ में खड़ी फसल हुई खाक, आग लगने का कारण अज्ञात

**रीवा ।** जिले के चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत रघुनाथपुर गांव में खेत में खड़ी फसल आग लगने के कारण जल कर खाक हो गई, आगजनी की सूचना किसानों ने हंड्रेड डायल को दी किसानों की सूचना पर पहुंचे पुलिस ने अग्निशमन वाहन द्वारा जब तक आग पर काबू पाया जाता, तब तक लगभग 50 एकड़ में खड़ी फसल जल कर खाक हो चुकी थी, पुलिस द्वारा आगजनी की इस घटना में विपिन तिवारी सहित उनके परिवार के अन्य पांच लोग प्रभावित बताए गए हैं



**इनका कहना है**

किसानों द्वारा हंड्रेड डायल आगजनी की सूचना दी गई सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कंट्रोल के माध्यम से फायर ब्रिगेड को भेजा गया कई घंटे के बाद आग में काबू पाया गया।

**नवीन तिवारी नगर पुलिस अधीक्षक रीवा**

## कांग्रेस प्रत्याशी ने भरा नामांकन

**देश और लोकतंत्र को बचाने के लिए है ये चुनाव : जीतू पटवारी**







**रीवा।** रीवा मऊगंज संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्यासी नीलम मिश्रा ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट कर्यालय पहुंचकर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया इस दौरान उनके साथ नीलम मिश्रा के पति अभय मिश्रा और बेटा नयन मिश्रा, जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा सीधी के चोरहट विधायक अजय सिंह राहुल भी पहुंचे. नामंकन दाखिल करने से पूर्व कार्यकर्ता सभा का अयोजन किया गया जिसमे प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, उमंग सिंगार, अरुण यादव. विवेक तंखा, अजय सिंह राहुल शामिल हुऐ और कार्यकर्ताओ को जीत का मंत्र दिया । लोकसभा क्षेत्र रीवा से कांग्रेस प्रत्याशी नीलम अभय मिश्रा के समर्थन में आयोजित नामांकन रैली में इंडिया गठबंधन का भरपूर असर दिखाई पड़ा कार्यकर्ताओं सहित मतदाताओं की भीड़ उमड़ी। नामांकन रैली के पहले आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रदेश प्रभारी व कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव जितेंद्र सिंह भंवर ने भाजपा के 400 पार किनारे पर तंज कसते हुए कहा कि अगर ऐसा हो गया तो वह अपने आप को जीवन भर के लिए प्रधानमंत्री घोषित करना चाहते हैं। अगर 400 पार का नारा पूरा हो गया तो प्रजातंत्र ही खतरे में पड़ जाएगा, क्योंकि उसके बाद यह मनचाहे फैसला लेंगे। उक्त अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वह पर्ची के मुख्यमंत्री हैं। भाजपा आज क्या कर रही है आप सब देख रहे हैं। आने वाले 26 अप्रैल को जब मतदान होगा तो काफी सोच समझकर आपको अपने मत का प्रयोग करना है पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल ने इस अवसर पर कहा कि विंध्य की राजनीति की शुरुआत रीवा से होती है और इस बार एक नई राजनीति की शुरुआत होने जा रही है। यहां पर परिवर्तन होना पक्का दिखाई दे रहा है। लेकिन हम सभी कार्यकर्ताओं को गंभीरता के साथ जुटना होगा ताकि परिणाम हमारे पक्ष में आए। इस बीच पूर्व विधायक एक एवं लोकसभा प्रभारी सुखेंद्र सिंह बन्ना नहीं आम जनता से अपील करते हुए कहा कि है भारत में दूसरी आजादी की लड़ाई शुरू हो चुकी है इस पर आप सबको साथ देना है।

उक्त अवसर पर रीवा लोकसभा प्रभारी और पूर्व मंत्री डॉ गोविंद सिंह, सभी विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी क्रमशः कपिध्वज सिंह, राम गरीब बनवासी, पूर्व विधायक लक्ष्मण तिवारी, विद्यावती पटेल, बबिता साकेत, गुरमीत सिंह मंगू, जिला कांग्रेस का कार्य अध्यक्ष कुंवर सिंह, गिरीश सिंह, प्रदेश महिला कांग्रेस की कविता पांडे समेत सभी प्रकोष्ठों के संयोजक पदाधिकारी भी मौजूद रहे। इस दौरान मऊगंज विधानसभा क्षेत्र की आधार सैकड़ा महिलाओं ने आज भाजपा छोड़कर कांग्रेस की सदस्यता ली। इसी प्रकार सिरमौर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता अपनी पार्टी छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए।इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व विधायक राजेन्द्र मिश्रा, उदय प्रकाश मिश्रा, रामगरीब बनवासी, डॉ. आई.एम.पी.वर्मा, विद्यावती पटेल, शीला त्यागी, आनंद सराफ, सह प्रभारी, गोविन्ददास तिवारी, विधानसभा प्रत्याशी कपिध्वज सिंह, बबिता साकेत, पदमेश गौतम, रमाशंकर पटेल, प्रदेश महिला उपाध्यक्ष कविता पाण्डेय, गुरूमीत सिंह मंगू, शिव प्रसाद प्रधान कार्यकारी अध्यक्ष गिरीश सिंह, कुवंर सिंह, कमलाकांत तिवारी, प्रदीप त्रिपाठी, इंडिया गठबंधन के समस्त अध्यक्षगण, सभी ब्लाक, मण्डल, सेक्टर, बूथ कमेटी के पदाधिकारीगणों सहित हजारो की संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहें।

## नगर निगम रीवा ने संपत्ति कर वसूली आभियान में तोड़ा रिकॉर्ड
# पिछली बार की अपेक्षा 10 प्रतिशत बढ़ोत्तरी

**रीवा ।** संपत्ति कर वसूलने के लिए रीवा नगर निगम ने सख्त तेवर अपनाए हैं। जिसका असर भी देखने को मिल रहा है। ऐसे लोग जिन्होंने अभी तक संपत्ति कर जमा नहीं किया है। उनके खिलाफ तालाबंदी और जब्ती की कार्रवाई भी की जा रही है। जिसके परिणाम स्वरूप नगर निगम ने इस बार रिकॉर्ड तोड़ संपत्ति कर वसूल किया है जो पिछली बार से काफी ज्यादा है।

**इनका कहना है**

नगर निगम ने इस बार 21 करोड़ 75 लाख की वसूली की है। पिछले वर्ष 19 करोड़ 68 लाख रुपए की वसूली हुई थी। जो कि पिछले वर्ष की अपेक्षा 10% अधिक है।

लगातार प्रयास किए जा रहे हैं कि बकाया संपत्ति कर वसूल किया जा सके।ऐसे में जो भी लोग संपत्ति कर जमा नहीं कर रहे हैं उनके खिलाफ तालाबंदी और जब्ती की करवाई जारी रहेगी।

**संस्कृति जैन आयुक्त नगर निगम रीवा**




## उम्मीदवारों को 30 दिन में देना होगा चुनाव खर्च का विवरण

**उम्मीदवारों के चुनाव खर्च पर की जाएगी लगातार कडी निगरानी**



**रीवा।**लोकसभा चुनाव 2024 के उम्मीदवारों के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव खर्च की सीमा 95 लाख रूपये निर्धारित की गई है। इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि प्रत्येक उम्मीदवार को नामांकन पत्र भरने के पूर्व एक बैंक खाता खोलकर उनकी जानकारी नामांकन पत्र के साथ उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। इसी बैंक खाते के माध्यम से उम्मीदवार चुनाव संबंधी सभी तरह के व्यय कर सकेंगे। उम्मीदवारों को चुनाव परिणामों की घोषणा के 30 दिन के भीतर चुनाव खर्च का पूरा विवरण निर्धारित प्रपत्र में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। निर्वाचन आयोग द्वारा उम्मीदवारों के चुनाव खर्च की विभिन्न माध्यमों से निगरानी की जा रही है। उम्मीदवार निर्धारित प्रपत्र में व्यय लेखा दल को निर्धारित समय सीमा में चुनाव खर्च का पूरा विवरण अनिवार्य रूप से उपलब्ध करायें।

## सभी मतदान केन्द्रों में आवश्यक सूचनाएं प्रदर्शित करें - कलेक्टर

**रीवा।** निर्वाचन आयोग द्वारा रीवा संसदीय क्षेत्र के लिए लोकसभा निर्वाचन 2024 के कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने सभी सहायक रिटर्निंग आफिसरों को मतदान केन्द्र के वाहर आवश्यक जानकारिया प्रदर्शित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने ने कहा है कि सभी मतदान केन्द्रों में मतदान की तिथि 26 अप्रैल का उल्लेख अवश्य कराएं। इसके साथ साथ मतदान केन्द्र क्रमांक विधानसभा क्षेत्र क्रमांक तथा नाम एवं मतदान केन्द्र के नाम का अनिवार्य रूप से उल्लेख करें। इस जानकारी में मतदान केन्द्र कि कुल मतदाताओं, दिव्यांग मतदाताओं तथा 85 साल से अधिक आयु के मतदाताओं की संख्या का भी उल्लेख कराएं। सेक्टर आफीसर के माध्यम से मतदान केन्द्रों का सत्यापन कराकर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।

## धार्मिक स्थलों में सभा करने या प्रचार करने की नहीं होगी अनुमति

**रीवा।** निर्वाचन आयोग ने चुनाव प्रचार के संबंध में निर्देश देते हुए बताया है कि आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के समय किसी भी धार्मिक स्थान में राजनैतिक सभा करने अथवा किसी भी माध्यम से प्रचार करने की अनुमति नहीं होगी। उल्लंघन करने पर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। निर्वाचन आयोग ने इस संबंध में दिए गए निर्देशों का कठोरता से पालन करने के निर्देश दिए हैं। निर्देशों में कहा गया है कि सभी नगरपालिका अधिकारियों को क्षेत्र मे होर्डिंग के लिए चिन्हित स्थलों की दरों का निर्धारण कर कुछ स्थलों को स्वीप एवं निर्वाचन संबंधी अन्य जानकारी प्रदर्शित करने हेतु आरक्षित करें। साथ ही अन्य उपलब्ध स्थलों को निर्धारित दरों पर समानता के अनुसार प्रचार के लिए उपलब्ध कराएं। सभी एसडीएम को सभा स्थलों का चिन्हांकन कर, उक्त स्थलों में कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने की कार्यवाही शीघ्र संपादित करने के लिए कहा है। उन्होंने यह भी कहा लाउडस्पीकर चलाने की अनुमति में यह ध्यान रखा जाए। सभी शर्तों का स्पष्ट रूप से उल्लेख हो एवं शर्तों का अनुपालन पूरी कड़ाई के साथ करें।

## मतदान दिवस तथा एक दिन पहले प्रकाशित होंगे विज्ञापन

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र में 26 अप्रैल को मतदान की तिथि निर्धारित की गई है। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार मतदान से दो दिन पूर्व सभी तरह का चुनाव प्रचार बंद हो जाता है। उम्मीदवार अथवा राजनैतिक दल मतदान के एक दिन पूर्व 25 अप्रैल तथा मतदान दिवस 26 अप्रैल को मतदान की अपील प्रकाशित करा सकते हैं। प्रिंट मीडिया के इन सभी विज्ञापनों को जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनीटरिंग कमेटी से प्रमाणन कराना आवश्यक होगा। उम्मीदवार विज्ञापन प्रकाशन से दो दिवस पूर्व समिति को निर्धारित प्रपत्र में आवेदन देकर उसका प्रमाणीकरण कराएं। प्रमाणीकरण के बाद ही विज्ञापन का प्रकाशन किया जा सकता है। इस संबंध में निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार जिला स्तरीय समिति 24 घंटे की समय सीमा में विज्ञापन का प्रमाणीकरण करके उम्मीदवार को उपलब्ध कराएगी। बिना प्रमाणन के विज्ञापन प्रकाशित कराने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

## चुनाव कार्य में लगे वाहनों में होगा ट्रैकिंग सिस्टम

**रीवा।** निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान दलों तथा सेक्टर आफीसरों को ले जाने वाले वाहनों में ट्रैकिंग सिस्टम लगाया जाएगा। जिन वाहनों से ईव्हीएम तथा व्हीव्हीपैट मशीनों का परिवहन किया जाएगा उनमें भी जीपीएस आधारित ट्रैकिंग सिस्टम लगाया जाएगा जिससे हर समय वाहन की निगरानी की जा सके। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने ट्रैकिंग सिस्टम स्थापित करने तथा वाहनों की निगरानी के लिए जिला प्रबंधक लोक सेवा गारंटी रविकांत पाण्डेय को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।